Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to shift the MNC in Gajaraula, Uttar Pradesh which had poisonous gas leakage in June 2020, to a place far from human settlements-laid.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): मेरे संसदीय क्षेत्र में गजरौला स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनी में 8 जून 2020 की रात में ज़हरीली गैस लीक हुई और सैकड़ों लोगों का जीवन ख़तरे में पड़ गया । इस तरह की दुर्घटनायें यहाँ आए दिन घटती रहती हैं ।

शहर के एक निवासी ने NGT में एक याचिका दायर की थी और एक साल के बाद बुधवार 7 जुलाई 2021 को NGT ने इस कंपनी पर 10 करोड़ रूपये का जुर्माना लगाया है । लेकिन आम जनता जो परेशान है वो शिकायत लेकर कहाँ जाए? राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा अपेक्षित कार्यवाही का अभाव हैं ।

मैं जानना चाहता हूँ कि सरकार ने इस मामले में क्या कार्यवाही की है? और मेरी मांग है कि जनता की जान एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस कंपनी को आबादी वाले क्षेत्र से दूर स्थानांतरित किया जाये ।

کنور دانش علی (امروہہ): محترم چیرمین صاحب، میرے پارلیمانی حلقہ میں گجرولہ میں موجود ملٹی نیشنل کمپنی میں 8 جون، 2020 کی رات میں زہریلی گیس لیک ہوئی اور سیکڑوں لوگوں کی زندگی خطرے میں پڑ گئی۔ اس طرح کے حادثات یہاں آئے دن ہوتے رہتے ہیں۔

شہر کے ایک مقامی نے این۔جی۔ٹی۔ میں ایک یاچِکا دائر کی تھی اور ایک سال کے بعد 7 جولائی 2021 کو این۔جی۔ٹی۔ نے اس کمپنی پر 10 کروڑ روپئے کا جرمانہ لگایا ہے۔ لیکن عام جنتا جو پریشان ہے وہ شکایت لے کر کہاں جائے؟ ریاستی سرکار اور مقامی انتظامیہ کے ذریعہ اپیکشِت کاروائی کا ابھاؤ ہے۔

میں آپ کے ذریعہ سے جاننا چاہتا ہوں کہ سرکار نے اس معاملے میں کیا کاروائی کی ہے؟ اور میری مانگ ہے کہ عوام کی زندگی اور صحت کو دھیان میں رکھتے ہوئے اس کمپنی کو آبادی والے علاقے سے دور منتقل کیا جائے۔۔